## खबर संक्षेप

### माहिष्मती घाट पर शुरू हुआ शिविर

**मण्डला।** माहिष्मती घाट पर नमामि नर्मदे महा आरती ट्रस्ट के तत्वाधान में निःशुल्क योग शिविर प्रारंभ किया गया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने फीता खोलकर इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि नगरवासियों की मांग पर यह शिविर शुरू किया गया है। यहाँ सुरक्षित वातावरण में योग कर हमारे युवा, बुजुर्ग और महिलाएं स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही साथ 10 अप्रैल से ट्रस्ट द्वारा बच्चों के लिए समर कैम्प भी आयोजित किया जा रहा है। कैम्प के लिए पंजीयन शुरू हो चुका है। जिसमें 5 से 15 वर्ष के बच्चे शामिल हो सकते हैं। शिविर में प्रथम दिवस पर उपस्थित लोगों को प्रशिक्षकों द्वारा प्रार्थना, महामृत्युंजय मंत्र और प्राणायाम कराया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट, समाजसेवी श्री संजय तिवारी, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, एडीओपी मण्डला श्री पीयूष मिश्रा, सीएमओ नगर पालिका परिषद मण्डला श्री गजानन नाफड़े सहित स्थानीयजन उपस्थित रहे।

### सीईओ जिला पंचायत ने किया कंटूर ट्रेंच का अवलोकन

**मण्डला।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने विकासखंड बीजाडांडी के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने टिकरिया पहुंचकर कंटूर ट्रेंच आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्री कूमट ने निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी लगातार क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए कार्यों को बेहतर गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। कंटूर ट्रेंच के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दें। इस दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रामनवमी पर आज गूंजेंगे जय श्रीराम के जयकारे

# रामभक्तों की निकलेगी वाहन रैली

*** सनातन धर्मोत्सव परिवार द्वारा किया जा रहा आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सनातन धर्मोत्सव परिवार के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य भगवा ध्वज रैली निकाली जायेंगी। हर वर्ष रामनवमीं पर निकाली जाने वाली इस भगवा रैली को लेकर अंतिम बैठक बीते दिनो सम्पन्न हुई जहां पर उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार रखे और एक मतेन होकर निर्णय लिया कि इस बार भगवा रैली को और भव्य रूप दिया जायेगा। अनुमान है कि इस रैली में लगभग एक हजार धर्मप्रेमी विभिन्न वाहनों में सवार होकर रैली में शामिल होंगे। हिन्दू समाज की धार्मिक संस्था सनातन धर्मोत्सव परिवार मण्डला के द्वारा वाहन रैली आज प्रातः 9 बजे बडी खैरमाई माता मंदिर बिझिंया से प्रारंभ होगी जो कि बड़ी खैरमाई माता मंदिर बिंझिया से प्रारंभ होते हुए हीरो एजेंसी होटल नर्मदा इन से पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने से राजीव कॉलोनी शिवराज शाह के मकान कॉरपोरेशन बैंक से होते हुए नेहरू स्मारक आंगन तिराहा संतोषी माता मंदिर के सामने से रेलवे स्टेशन होते हुए राय किराना दुकान के सामने से मोहन टोला रोड वापस मंडला महाराजपुर रोड मटरू ढाबा से होते हुए माहिष्मति घाट होते हुए नेहरू स्मारक रेडक्रॉस के सामने से स्टेडियम ग्राउंड के बाजू से रानी अवंती बाई स्कूल शासकीय हॉस्पिटल उदय चौक सराफा होते हुए बुधवारी चौक बलराम (इलाही) चौक से हनुमान घाट मुक्तिधाम एनजेएन स्कूल के सामने से योगीराज हॉस्पिटल के सामने श्रीराम मंदिर पड़ाव के सामने से दीनदयाल (चिलमन) चौक बस स्टैंड लालीपुर बिंझिया तिराहा होते हुए मंदिर बिंझिया समापन स्थल बड़ी खैर माई माता मंदिर पहुंचेगी। जहां पर भंडारा प्रसादी का वितरण होगा।





### बुधवारी रामदरबार से निकलेगी शोभायात्रा

बुधवारी चौंक में राम दरबार की स्थापना की गई। जिसकी शोभायात्रा आज भव्यता से निकाली जायेंगी। सामाजिक कार्यकर्ता रोबिन पाठक ने बताया कि सनातन धर्म समिति के द्वारा वर्ष 2014 से लगातार राम दरबार कि झांकी बनायी जाती है। समिति के सदस्य सर्वधर्म समभाव की ओर सामाजिक उत्थान एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने कि दृष्टि से समिति कार्य करती है। लगभग 30 वर्ष पूर्व भी इसी स्थान पर चैत्र नवरात्रि का आयोजन किया जाता था और आज भी शहर के लोग बड़ी संख्या में यहॉ पर कार्यक्रम देखने आया करते हैं। बैठकी के दिन से जवारे विसर्जन तक लोगों को आना जाना यहॉ पर लगातार जारी रहता है। बुधवारी चौंक में स्थापित राम दरबार को देखने इस वर्ष भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। आज दोपहर 12 बजे भगवान राम का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया जायेंगा और शाम 4:30 बजे बुधवारी चौक से शोभायात्रा निकाली जाएगी। जोकि बुधवारी चौक से उदय चौक हरदौल लाला समिति में सम्मिलित होकर शहर भ्रमण करेंगी और फिर लौटकर पड़ाव से वापस बुधवारी चौक पर शोभायात्रा का समापन होगा है। समिति के सदस्या योगी सोनी उपाध्यक्ष, कपिल सोनी, मिनी सोनी, आशु कांसकार, सुमित सोनी, गोलू सोनी, अंकित केवट, नागेश बरमैया, सेतु बड़ोनिया, शिम्भू कांसकार, बबलू सोनी, अप्पू सोनी, रिंकू ठाकुर, पंकज विधवानी सहित अन्य सदस्य का सहयोग बना हुआ है।

## संपूर्ण नगर सहित क्षेत्र में चल रही है चैत्र नवरात्रि की धूम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

सम्पूर्ण नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालु भक्ति भाव से सराबोर हैं इन दिनों भुआ खेरमाई मंदिर 62 कलश 9 शीतला ओर 71 खप्पर की स्थापना की गई है, यह खेरमाई मंदिर में सैकड़ों वर्षो से जबारे खप्पर और शीतला श्रद्धालुओं के द्वारा प्रतिवर्ष बोये जाते है इसी तरह नगर की शुरुआत में माता बंजारी के सिद्ध पीठ मंदिर में बिछिया खेरमाई मंदिर राज राजेश्वरी मंदिर बिनोद रंग मंच में स्थापित भुनेश्वरी माता के दरबार में ओर सभी जगह प्रतिदिन आरती पूजा महा आरती की जाती है जहां श्रद्धालु भाव विभोर होकर माता की आरती और जश्न में भाग लेकर धर्म लाभ पुण्य कमाते वही नगर के चारों ओर ग्रामीण क्षेत्रों में भी अनेकों ग्रामों में भागवत कथा पुराण बाहर से आए कथावाचकों की मुखारविंद से सुनाई जा रही है जिससे ग्रामीण जन भी भाव विभोर होकर कथा का श्रवण कर रही है आज सप्तमी की तिथि पर महाकाल रात्रि की पूजा आने वाले दिनों में महागौरी महाष्टमी की पूजा के साथ-साथ नौवे दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा से 9 दिन नवरात्रि का समापन सभी जगह किया जाएगा और जेवरों का विसर्जन होगा।

### राममंदिर से निकली जाएगी शोभा यात्रा

राम मंदिर समिति द्वारा रामनवमी के दिन निकली जाएगी श्री राममंदिर भुआ से श्री राम की विशाल शोभा यात्रा जो पूरे नगर में भ्रमण करते हुए समापन वापस राममंदिर में होगा जहां प्रसाद वितरण के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसकी तैयारियां की जा रही हैं।

### सीईओ जिला पंचायत ने बेरपानी में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवन का किया निरीक्षण

**मण्डला।** सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने बेरपानी गांव में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, सीईओ श्री कूमट ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को समय-सीमा के भीतर पूरा करें और निर्माण सामग्री और कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दें।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मण्डला के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश जिला मण्डला द्वारा आरोपी रामप्रसाद धुर्वे पिता अकल सिंह धुर्वे उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम भीमडोंगरी बड़ेटोला थाना मोतीनाला जिला मण्डला को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है कि दिनांक 16.01.2024 को थाना मोतीनाला में सूचना प्राप्त होने पर सउनि लिख्खन सिंह द्वारा तस्दीक हेतु जाने पर ग्राम भीमडोंगरी पहुंचे। प्रार्थी मनोज कुमार परते से पूछताछ कर देहाती नालसी लेख की। प्रार्थी मनोज कुमार परते ने बताया कि दिनांक 16.01.2024 के समय 12.20 बजे वह अपने घर से तालाब की ओर जा रहा था, तालाब से सतियाबाई दौड़ते हुए आ रही थी और उसे आवाज देकर बुलाई और बताया कि रामप्रसाद धुर्वे बसूला लेकर मुलिया बाई को दौड़ा रहा है, तब उन दोनो ने तालाब जाकर देखा कि रामप्रसाद धुर्वे बसूला से मुलिया बाई के सिर पर मार रहा था, वह लोग बचाने के लिए पास जाने लगे, तो रामप्रसाद धुर्वे मुलियाबाई को तालाब में फेंककर उनकी तरफ बसूला लेकर मारने दौड़ा तब वे लोग दौड़कर गांव की तरफ भागे और 100 नंबर फोन लगाकर सूचना दिया और गांव के लोगों को इकट्ठा कर तालाब में गांव के आनंद सिंह, नर्मदा प्रसाद, रनमत बाई के साथ तालाब जाकर देखा तो रामप्रसाद वहां से चला गया था और मुलिया बाई की साड़ी पानी में दिख रही थी, तब वह तालाब के अंदर जाकर मुलियाबाई को पानी से बाहर निकाला और देखा तो मुलियाबाई के सिर में दाहिने तरफ कनपटी में बायें तरफ से बसूला मारने से गहरी चोट के निशान थे, चोट लगकर खून निकल रहा था, मुलियाबाई मर चुकी थी, रामप्रसाद धुर्वे, श्यामलाल परते के फुआ का लड़का है, जो शराब पीता रहा था, जिसके श्यामलाल और उसकी पत्नि मुलियाबाई मना करते थे कि शराब मत पिया कर। डांट डपट देते थे, इसी बात को लेकर रामप्रसाद धुर्वे ने मुलियाबाई के साथ लोहे के बसूला से सिर व कनपटी में मारपीट कर हत्या की है, मुलियाबाई की मृत्यु रामप्रसाद धुर्वे निवासी बड़ेटोला के द्वारा सबूला मारने पर सिर व कनपटी में गंभीर चोट पहुंचाने से ही हुई हैं, घटना को उसने तथा सतियाबाई ने देखा है उक्त घटना की रिपोर्ट के आधार पर थाना मोतीनाला के द्वारा आरोपी रामप्रसाद धुर्वे के विरूद्ध धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया संपूर्ण विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुये विचारण उपरांत माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी रामप्रसाद धुर्वे पिता अकल सिंह धुर्वे उम्म्र 37 वर्ष निवासी ग्राम भीमडोंगरी बड़ेटोला थाना मोतीनाला जिला मंडला को उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन संचालन अपर लोक अभियोजक ब्रजेश चौरसिया के द्वारा किया गया।

**अनदेखी** | **खबर के बाद भी नहीं किया गया था रेस्क्यू।**

# भुआबिछिया में एक अल्प आयु बाघिन की मौत

*** वन विभाग की लापरवाही उजागर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

यह खबर बिछिया तहसील मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर बंजारी के समीप गिट्टी टोला के पास की है जिसमें शनिवार की सुबह 14 से 15 माह की एक बाघिन का शव मिला है। जिसकी उम्र बहुत कम है, जो बीमारी से लड़ सकती थी उसकी संदिग्ध अवस्था में मौत हुई जिसमें जाँच होना अतिआवश्यक है। स्थानीय लोगों के अनुसार दो दिनों से बाघिन भूखी प्यासी बीमार स्थिति में घूम रही थी वन विभाग चाहता तो उसको रैस्क्यू कर इसका उचित इलाज किया जा सकता था लेकिन कहीं न कहीं वन विभाग की लापरवाही से कान्हा नेशनल पार्क की बाघिन की मौत हो गई।

यदि कोई व्यक्ति बाघ की जान लेता है तो उसे कठोर दंड मिलता है लेकिन यदि वन विभाग की लापरवाही से किसी बाघ की मौत होती है तो उसके लिए इन अधिकारियों पर भी कार्यवाही की जानी चाहिए। ख़बर होने के बाद भी दो दिनों से बाघ के रैस्क्यू करने के बजाय वन विभाग के अधिकारी गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाया। जिससे बाघिन की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। मौके पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, सहित आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। उक्त तस्वीर बिछिया से 3 किलोमीटर दूर बंजारी के समीप गिट्टी टोला के पास की है जिसमें आज सुबह 14 से 15 माह की एक बाघिन का शव मिला है जिसकी उम्र बहुत कम है, जो बीमारी से लड़ सकती थी उसकी संदिग्ध अवस्था में मौत हुई जिसमें जाँच होना अतिआवश्यक है स्थानीय लोगों के अनुसार दो दिनों से बाघिन भूखी प्यासी बीमार स्थिति में घूम रही थी वन विभाग चाहता तो उसको रैस्क्यू कर इसका उचित इलाज किया जा सकता था लेकिन कहीं न कहीं वन विभाग की लापरवाही से कान्हा नेशनलपार्क की बाघिन की मौत हो गई। यदि कोई व्यक्ति बाघ की जान लेता है तो उसे कठोर दंड मिलता है लेकिन यदि वन विभाग की लापरवाही से किसी बाघ की मौत होती है तो उसके लिए इन अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जानी चाहिए फोटो में दिखने वाले अधिकारी इस तरह से मुस्कुरा रहे हैं जैसे किसी जश्न या पर्व में सम्मिलित हुए हो दो दिनों से बाघ के रैस्क्यू करने के बजाय ये अधिकारी कहाँ लापता थे जिम्मेदारों पर कार्रवाई होना चाहिए।







## शहर के चौराहों से लेकर पुलिस थाने के सामने जमा चारपायों के डेरा से हर नागरिक हो रहे परेशान, पानी टंकी क्षेत्र में कुत्तों के चलते सड़क दुर्घटनाओं की बन रही संभावना...?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** लोग अपने घरों में दूध खाने के लिए जिस प्रकार से पालते है, मगर उनकी देख रेख करने की जगह नगरवासियों को परेशानी पैदा करने छोड़ देते है? पशु मालिक दूध निकालकर दुधारू पशु को अपने घर से डण्डा मारकर बाहर निकाल देते है जियके चलते शाम होते ही शहर के मुख्य मार्गो में आवारा पशुओं का जमघट लगा रहता है। वही दूसरी ओर इस समय पशुओं के साथ साथ सड़को पर उमड़ने वाली कुत्तो की भीड़ भी सड़क दुर्घटनाओं को आमंत्रण देने से नही चूक रही है। मुख्य रूप से देखा जावे तो नगर की पानी टंकी के पास शाम होते ही जिस तरह आवारा कुत्तों का झुंड भ्रमण करते हुये देखा जाता है। इस स्थिति में यह कुत्ता वाहन चालकों के पीछे भोकते हुये पीछा करने से नही चूकते है। इस तरह जब अचानक कुत्ता किसी बाइक के पीछे दौड़ते है तो बाइक चालक घबराने की स्थिति में अपना नियंत्रण खोते हुये दुर्घटना का शिकार होने से नही बच पाता है...? इसी का परिणाम है कि आये दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इस प्रकार से आवारा पशुओं सहित कुत्तों का इन दिनों सड़कों में जाम लगना आम बात हो गई है और आमलोग जाम से तंग आ चुके है। क्योंकि इन जानवरों को हटाये जाने को लेकर न तो प्रशासन गंभीर दिख रहा है और न ही पशु मालिक, ऐसे में आम नागरिको को काफी कठिनायों का सामना करना पड़ रहा है। कहने के लिये तो कुछ दिनों पहले नगर पालिका प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर एक पत्र जारी करते हुये लोगों को अवगत कराया गया था कि सड़को पर घूमने वाले पशुओं को पकड़कर शहर के बाहर छोड़ने के लिये एक टीम का गठन किया है। मगर पता नही वह टीम कहा काम कर रही है इस बात का पता नही नही चल पा रहा है? यदि गौर किया जावे तो इन दिनों शहर के प्रमुख स्थान पलोटन गंज, रेल्वे स्टेशन रोड़, झंडाचौक, पुरानी गल्लामंडी, राठी तिरहा, आमगांवनाका, नया बस स्टेन्ड सहित अनेक स्थानों पर यह मवेशी अपना डेरा जमाये आये दिन हादसो को भी आमंत्रित करते रहते है। इतना ही नही नगर के पुलिस के थाने के सामने भी पशुओं का डेरा होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने मजबूर होना पड़ रहा है। इस प्रकार बेपरवाह पालक शहर की सड़को पर आवारा घूम रहे इन जानवरो के पालक पूरी तरह से बेपरवाह बने रहते है तो दूसरी ओर दुधारू जानवरो का दूध निकालने के बाद पशु पालक इन्हे सड़को पर खुल्ला छोड़ देते है ऐसे में ये जानवर सड़को पर पहुंच कर अपना डेरा जमा लेते है, कभी कभार तो इन आवारा जानवरों की वजह से गंभीर हादसे भी घटित हो चुके है। मगर इन आवारा पशुओं को प्रशासन द्वारा हटाये जाने किसी भी प्रकार के प्रयास नही किये जा रहे है और न ही पशु पालकों के खिलाफ कोई कार्यवाही जिसके कारण पशु पालकों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। जिसका परिणाम आमलोगों की जिन्दगी को खतरा उतपन्न होता जा रहा है। अतः नपा प्रशासन से मांग की जाती है कि पुनः हाका गैग का गठन कर सड़कों से आवरा पशुओं को हटवाया जावे नही तो किसी दिन किसी की जान के दुश्मन बन सकते है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल ही जीवन है विषय पर आयोजित हुई संगोष्ठी

**सांईखेड़ा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में परिषद की सेक्टर क्रमांक एक विकास खंड नेतृत्व में सरस्वती शिशु मंदिर सांईखेड़ा के सभागार में जल ही जीवन है विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। बताया जाता है कि इस संगोष्ठी में सुनील स्थापक ने जल संरक्षण व संवर्धन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जल का संकट गहराता जा रहा है। वही दूखा जाता है कि छोटी- छोटी नदियां सूख रही हैं, जिस कारण से भूमिगत जल स्तर नीचे जा रहा है।

# दुर्गा अष्टमी के मौके पर महिलाओं ने मंदिर में पहुंचकर किया पूजन, आज व्रत तोड़कर करेगी माता रानी की आराधना








**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा**

माता रानी की आराधना का पर्व जहां समाप्ती की ओर पहुंच चुका है उसी के चलते कल शनिवार को दुर्गा अष्टमी के मौके पर जहां महिलाओं ने नगर के देवी मंदिरों में पहुंचकर मातारानी की श्रद्धा के साथ पूजन अर्चन करते हुये उन्हें अनेक प्रकार के भोग लगाते हुये पूजन किया गया। वही दूसरी ओर शहर से लेकर गांव गांव कन्या भोज के कार्यक्रमों की धूम बची हुई देखी गई। वही दूसरी ओर नगर में कुछ जगहों पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना भी की गई जहां पर अनोखी छटा देखने मिल रही है। इस तरह चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर लगातार नो दिनों तक ब्रत धारण करने वाले भक्तों द्वारा आज दुर्गा नवमी के मौके पर जहां विशेष पूजन करते हुये अपने ब्रत तोड़ेगे। वही दूसरी ओर अनेक घरों में मातारानी का पूजन करने के साथ अपने कुल देवी देवताओं का पूजन भी किया जावेगा। वही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किये गये जवारों के विसर्जन का सिल सिला आज से शुरू हो जावेगा। इस तरह माता रानी की विदाई नजदीक आने के कारण भक्तों के चेहरों पर जहां उदासी नजर आने लगी है। क्योंकि एक वर्ष के उपरांत फिर माता रानी से मुलाकात होने की आशा के साथ आज जवारों को विदाई देना शुरू हो जावेगा।

## रामनवमीं पर आज निकलेगी भगवान श्रीराम की भव्य शोभयात्रा



**गाडरवारा।।** नगर मे शिव सत्ता मंडल द्वारा राम नवमी के अवसर पर बीते हुये 17 वर्षो से आयोजित होने वाली भगवान श्र राम जी की रथयात्रा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आज राम नवमी के अवसर पर आयोजित की जा रही है। इसी प्रकार से नगर के आलवा अन्य जगहों पर भी आज राम नवमी के मौके पर अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने की तैयारियाँ बडे जोरो पर चल रही है। बताया जाता है कि नगर में निकली वाली यह रथयात्रा शाम 4 बजे छिड़ाव घाट से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्ग चौकी चावड़ी रोड से निकलते हुये महावीर भवन से शक्ती चौक होते हुये श्याम टाकीज, शिवालय चौंक से पुराना बस स्टैंड के पास से गुजरते हुये पुरानी गल्ला मंडी से निकलकर बडा सराफ बाजार होकर झंडा चौंक से होते हुए वापस चौंकी होते हुये छिड़ाव घाट पर पहुंचकर सम्पन्न होगी। इस यात्रा में रथ पर श्री राम दरबार सहित श्री हरि नरसिंह भगवान की प्रतिमाओ को रथ पर विराजमान कर झांकियों के साथ नगर विहार कराया जाएगा। वही इस रथ यात्रा में मुख्यता अनेक प्रकार के कला का प्रदर्शन किया जायेगा, जिसको लेकर नगर के शिव सत्ता मंडल ने धर्म प्रेमी जनता से रथयात्रा मे उपस्तिथि की अपेक्षा जताई गई है।

## नोजल का पानी रास्ते पर बह जाने पर खकरिया में दो पक्षों के बीच हुआ खूनी संघर्ष, एक की मौके पर मौत, आधा दर्जन से अधिक घायल





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवार।** गांव में छोटी छोटी बाते कभी कभी इतना बड़ा रूप धारण करते हुये खूनी संघर्ष में बदलने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शनिवार को समीपस्थ पलोहा पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम खकरिया गांव में उस समय देखने मिली जब खेत में चल रही सिंचाई का पानी रास्ते पर बह जाने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच बात इतनी बड़ गई कि खूनी संघर्ष का रूप धारण करते हुये हत्या जैसी घटना को जन्म दे दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ग्राम खकरिया गांव में निवास करने वाले गुर्जर बंशुओं द्वारा अपने खेत में सिंचाई के लिये नोजल लगये गये थें। मगर सिंचाई का पानी बहते हुये रास्ते पर पहुंच जाने के कारण जब दूसरे पक्ष द्वारा इस बात से इतराज किये जाने पर दोनों पक्षों के बीच बात बात में विवाद यहां तक पहुंच गया और वह खूनी संघर्ष में बदलने के चलते जमकर दोनों पक्षों के बीच लाठी ठंडा सहित अन्य हथियार चलने के कारण एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई तो अन्य सात लोग घायल होने की खबर है। इस तरह नवरात्र की व्यवस्था में जुटी हुई जुटी हुई पुलिस को जब घटना की जानकारी मिली तो पलोहा थाना प्रभारी विजय पाल तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलो को उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय भेजा गया। बताया जाता है कि इस खूनी संघर्ष में शामिल मुख्य रूप से लाल कुंअर पिता श्रवण कुमार गुर्जर उम्र लगभग 50 वर्ष को चिकित्सको द्वारा मृत घोषित किये जाने पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये शव का पोस्ट मार्टम उपरांत परिजनों को सौप दिया गया है। वही दोनों पक्षों से घायल हुये नंद किशोर, टेकचंद व विनोद तथा जगदीश, राजा व हाकम को उपचार हेतु भर्ती किया है। बताया जाता है कि इन घायलों में कुछ की स्थिति गंभीर होने के चलते जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के खिलाफ काउन्टर मामला कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया है। वही दूसरी ओर गांव में तनाव पूर्ण स्थिति बनी होने के चलते मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। इस प्रकार से इस समय ग्राम खकरिया पूर्णरूप से पुलिस छावनी में तब्दील हुआ दिखाई देने से नही चूक रहा है।

## सालीचौका राधाकृष्ण मंदिर में स्थापित 521 कलश जवारे बने आकर्षण का केन्द्र, दर्शन के लिये लग रही भक्तों की भीड़



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** वैसे तो देखा जावे कि इस समय चल रहे नवरात्र के दौरान मातारानी की आराधना की गूंज चाराओं ओर सुनाई दे रही है। मगर सालीचौका राधाकृष्ण मंदिर पर स्थापित मातारानी की प्रतिमा व स्थापित 521 कलश जबारे संपूर्ण क्षेत्र में आकार्षण का केन्द्र बने हुये है। ज्ञात हो कि शक्ति की उपासना शांति के लिए जगत कल्याण क्षेत्र और नगर की सुख शान्ति की कामना के साथ 12 वर्षो से लगातार चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर सालीचौका नगर के हृदय स्थल राधा कृष्ण मंदिर पर ज्वारों की स्थापना की जा रही है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी ज्वारे उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ 521 कलश ज्वारों की स्थापना की गई। बताया जाता है कि इस वर्ष राधा कृष्ण मंदिर परिसर को लाइट साज सज्जा के साथ बड़ा ही मन मोहक सजाते हुये जहां अनोखा रूप प्रदान किया गया। इस तरह बीते हुये 1 अप्रेल को ज्वारों की स्थापना की गई जिसका विसर्जन 9 अप्रेल को किया जाएगा। वही माई के हरे हरे जवारों के साथ भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। इस तरह स्थापित मातारानी की प्रतिमा व जबारों के दर्शनों को लेकर हर दिन रात्री के समय माई के जस और महाआरती का कार्यक्रम बड़ा ही आकर्षक केन्द्र बा हुआ है। मातारानी के जबारा स्थल पर पंडो के आकर्षित नृत्य के साथ बड़े ही हर्ष उल्लास से मां दुर्गा की महाआरती की जा रही है।

## नगर के दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हुआ नवरात्र सहित हिन्दू नववर्ष उत्सव का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा**



चल रहे नवरात्र के दौरान जहां चारो ओर धार्मिक आयोजन की धूम मची हुई देखी जा रही है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस नगर के दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल द्वारा चैत्र नवरात्र तथा नये वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किये गये। उल्लेखनीय है की नगर के दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल द्वारा भारतीय संस्कृति, पर्व एवं त्योहारों पर कार्यक्रम आयोजित कर छात्र छात्राओं को अपनी संस्कृति के प्रति जागरुक करने और संस्कार देने का कार्य किया जाता है। क्योंकि संस्कारवान नोनिहाल कल देश का भविष्य बनेंगे, शिक्षित व संस्कारित नागरिक देश की उन्नति का सृजन कर सकते हैं। आयोजित कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। बच्चों द्वारा हिन्दू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं चैत्र नवरात्री के विषय पर विभिन्न नाटक एवं श्लोक, नृत्य आदि के माध्यम से मां भवानी के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था की चेयरमैन श्रीमती राखी राजपूत,डायरेक्टर ठा. प्रशांत सिंह राजपूत प्रचार्या श्रीमती कल्पना पटेल, कोऑर्डिनेटर श्रीमती प्रियंका छीपा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इसके उपरांत तत्पश्चात मां दुर्गा एवं मां महाकाली का पूजन एवं आरती करने के साथ जब कार्यक्रम शुरू हुआ तो नन्ही कन्याएं नौ देवियों के परिधान में सजी मंच की शोभा बढ़ा रही थीं। वही कु. विधि राजपूत कु.साक्षी रजक कु. उर्वी कौरव कु.शिवन्या राजपूत कु. निकिता नौरिया कु. फलक बासु कु. निधि नौरिया कु. वैष्णवी छीपा कु. श्रेष्ठा छीपा कु. अनजानी राय कु. मोहिनी रजक द्वारा देवी के विभिन्न स्वरूपों का प्रदर्शन किया संस्था के डायरेक्टर ठाकुर प्रशांत सिंह राजपूत ने महाराणा प्रताप आई टी आई प्राचार्य वीरेंद्र सिंह राजपूत एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ देवी के सभी स्वरूपों का पूजन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था की शिक्षिका सुश्री निशी अवस्थी एवं श्रीमती मुनमुन सराठे द्वारा नवरात्री का महत्व से बच्चों का अवगत कराया गया। वही कक्षा पांचवीं के छात्र प्रणय हेमवानी द्वारा संबोधन देते हुये सभी का मन मोह लिया तो कक्षा चौथी के छात्र अर्णव पटेल द्वारा मंत्रोच्चारण किया गया। इसके बाद कु. निकिता नौरिया एवं धैर्य प्रताप सिंह राजपूत द्वारा ना माने महाकाली गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। संस्था की प्राचार्या श्रीमती कल्पना पटेल का संबोधन के बाद छात्रा कु. धारा कलवानी ने ऊंचा है भवन गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस प्रकार से कु. साक्षी रजक, कु. तनवी नंदी कु. वैभवी राजपूत, कु. भावनी पालीवाल, कु. महिमा राजपूत शानदार प्रस्तुति दी गई। वही महाराणा प्रताप आई टी आई प्राचार्य वीरेंद्र सिंह राजपूत द्वारा अपने संबोधन में हम हिन्दू सत्य सनातन हैं कविता का पाठ किया। तो नितिन नौरिया, कु. महिमा राजपूत, शौर्य प्रताप सिंह राजपूत, धैर्य प्रताप सिंह राजपूत, नितिन नौरिया द्वारा प्रस्तुति दी गई। वही अंत में संस्था की प्राचार्या श्रीमती कल्पना पटेल द्वारा आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर महाराणा प्रताप आई टी आई के प्राचार्य वीरेंद्र सिंह राजपूत, प्रशिक्षण अधिकारी रविशंकर पटेल, रामस्वरूप पटेल, सुश्री संगीता राजपूत, सुश्री निकिता पिरोनिया, सुश्री खुशबू राजपूत, शैलेन्द्र राजपूत एवं स्कूल की प्राचार्या श्रीमती कल्पना पटेल, कोऑर्डिनेटर श्रीमती प्रियंका छीपा, सुश्री मेघा सोनी, सुश्री मनीषा सोनी, सुश्री दीप्ति मेहरा, सुश्री सोनाली कौरव, सुश्री रागिनी शर्मा, सुश्री निशी अवस्थी, सुश्री स्नेहा प्रतवानी, श्रीमती मुनमुन सेन, सुश्री रत्ना गुर्जर, सुश्री आरती तिवारी, श्रीमती आरती छीपा, रिसेप्शनिस्ट सुश्री पूनम सोनी, दिलीप रजक, गोपाल मेहरा, बंटी नौरिया, राकेश दुबे, दुर्गा कोरी, सुनीता कोरी, मीना कोरी, सविता विश्वकर्मा, मनीषा कोरी, राजकुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## नगर के नवीन तहसील कार्यालय में आयोजित हुई बैठक, एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में हुआ पारित



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** केन्द्र सरकार की एक राष्ट्र एक चुनाव की मुहिम लगातार फैलती चली जा रही है और इसी के चलते अब जिला व नगर परिषदों से प्रास्तव पारित करते हुये भेजने की तैयारियाँ शुरू हो चुकी है। इसी के चलते हुये दिवस दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा नगर परिषद में भी प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की उपस्थिति में नवीन तहसील कार्यालय भवन में विशेष बैठक का आयोजन करते हुये एक राष्ट्र एक चुनाव के लिये नगर परिषद द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया। बताया जाता है कि यह बैठक में कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह एवं नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सचिन अग्रवाल द्वारा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया गया है। बैठक की शुरुआत में मंत्री उदय प्रताप सिंह ने नगर पालिका के पार्षदों से परिचय लिया और बैठक का शुभारंभ किया। इस दौरान, कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह एवं नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सचिन अग्रवाल ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि यह प्रस्ताव भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पेश किया गया है। इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्यों के विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है। जिससे समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चों में बचत हो सके और देश के विकास में निरंतरता बनी रहे। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सचिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती सिंधु जितेंद्र पटेल के आलवा एसडीएम कलावती व्यारे, तहसीलदार आकाश दहाड़े, नगर परिषद के रिंकी दिग्विजय सिंह तोमर, पार्षद प्रतिनिधि श्रीमती शिवकुआर, राजेंद्र सिंह राजपूत , ओमप्रकाश पटेल पार्षद, राजेश राय पार्षद, श्रीमती स्वर्णा लोकेश अग्रवाल पार्षद, श्रीमती सविता धर्मेंद्र पटेल पार्षद, श्रीमती प्रीति राजेश सोनी पार्षद, विनीता मानसिंह मिर्धा, श्रीमती पूजा राम सुंदर महंत, शिवदास चौधरी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी व कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधि भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस बैठक ने नगर परिषद परिषद साईखेड़ा के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव के पक्ष में एकजुटता का संकेत दिया है।

## ओवर ब्रिज का निर्माण की शुरूआत होने से लोगों में दिखाई दे रही खुशी



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** नगर विकास के साथ साथ नगर में निर्मित होने जा रहे ओबर ब्रिज निर्माण को लेकर बीते हुये दिवस अधिकारियों द्वारा खडे किये जाने वाली पिल्लरों की जगह को चिन्हित किये जाने से नगर के लोगों में इस बात को लेकर खुशी दिखाई दे रही है कि अब वह शीघ्र रेल्वे गेट की परेशानी से निजात पा जावेगे। इस तरह सालीचौका पशु चिकित्सालय से लेकर बस स्टैंड तक के बीच सड़क की हुई नापतोल से अनुमान लग रहा है कि शायद शीघ्र ओवर ब्रिज ठेकेदार द्वारा ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू किया जावेगा। बीते हुये शनिवार को राजस्व विभाग सहित पीडब्ल्यूडी विभाग और नगर परिषद साली चौका के आलवा ठेकेदार की संयुक्त टीम ने सड़क के दोनों तरफ लाल कलर से निशान लगाए और ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के दौरान जहां-जहां ब्रिज के पिलर आ रहे हैं उसके निशान चिन्हित करने की प्रक्रिया शुरू की गई।

## भागवत कथा पुराण में उमड रहा जन सैलाब, जब जब पृथ्वी पर पापियों ने आंतक मचाया है तो उनका नाश करने के लिये भगवान ने जन्म लिया है - पं. वीरेन्द्र शास्त्री







**हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा।** ग्राम व क्षेत्र की सुख समृति को लेकर ग्राम सूखाखैरी में सोनी परिवार द्वारा आयोजित किये जा रहे 2 अप्रैल से 9 अप्रैल तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में जहां प्रतिदिन भक्तों की भीड़ का जन सैलाब उमड़ते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि नवरात्र के बीच चल रहे इस आयोजन के कारण संपूर्णगांव में धार्मिक संगम का महौल निर्मित होने के कारण इस महाकुंभ का लाभ लेते हुये देखे जा रहे है। इस तरह ग्राम सूखाखैरी में लगातार बह रही धर्म की गंगा में जहां गांव का रूप मातारानी के साथ भगवान श्रीकृष्ण की आराधना में लीन होकर गांव का महौल वृंदावन धाम की तरह दिखाई दे रहा है तो कथा वाचक तेंदूखेड़ा छोटा से पधारे हुये पंडित वीरेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा जिस तरह अपनी अमृतमय पूर्ण वाणी में कथा का वाचन किया जा रहा है जिसके चलते क्षेत्र में चारों ओर भगवान श्रीकृष्ण की लालीओं के वर्णन से महौल गोकुल धाम की तरह प्रतीत होते हुये ज्ञान पड़ रहा है। इस तरह श्रीमद् भागवत कथा पुराण के चौथें दिवस कथा वाचक पंडित वीरेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा श्रोताओं को श्रीमद् भगवात कथा सुनाते हुये समुद्र मंथन, वामन भगवान के अवतार सहित भगवान राम के जन्म का प्रसंग सहित माता कैकई के वर्णन सुनाने के साथ कहा कि जब जब इस पृथ्वी लोक पर राक्षसों यानि की पापियों का आंतक मचा है तो उनका संहार करने के लिये भगवान ने जन्म दिया है। इस दौरान कथा वाचक शास्त्री ने बताया कि जब कंस के आंतक से लोग परेशान होने लगे थें तो भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। इस दौरान महाराज जी ने बताया कि कंस की कारागार में बासुदेव व देवकी के भादों मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन पालन नंदबाबा के घर में हुआ। भगवान श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का बध करके पृथ्वी को अत्याचारों से मुक्त किया और माता पिता को कारागार से किया गया। क्योंकि कंस इतना अत्याचारी था कि उसने अपने पिता को ही बंधक बनाते हुये उनके राजपाट पर कब्जा जमा लिया गया था और जब आकाशवाणी हुई कि उसकी मृत्यु का कारण यानि की मारने वाले उसकी बहिन के गर्भ से जन्म लेता तो कंस द्वारा अपनी बहिन देवकी व बहनोई यानि की बसुदेव को बंधक बनाते हुये उनकी सात संतानों की हत्या कर दी गई थी। मगर जब माता देवकी ने अपने आठवे पुत्र यानि की भगवान श्रीकृष्ण को जन्म दिया गया तो अपने आप ही कारागार के दरबाजे खुल गये थें। वही स्वर्ग में देवताओं की दुन्दुभियाँ अपने आप बज उठी थी। इस तरह कथाके चौथें दिवस भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव दौरान संपूर्ण सूखाखैरी गांव जहां भक्ति में लीन हो गया और पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के घर आनंद भया जय कन्हैया लाल की भजनों के साथ झूम उठे भक्तों द्वारा जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ बनाते हुये कन्हैया को अपने हाथों में लेकर नाचने से नही चूके वही दूसरी ओर प्रसादी के रूप में गुड हरीरा का वितरण किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथाओं साथ महाराज जी द्वारा भगवान के बाल अवस्था की लीलाओं का वर्णन बड़े ही शानदार ढंग से सुनाते हुये भक्तों को भाव विभार कर दिया गया था। भागवत कथा पुराण सुनने के लिये लगातार भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है।

# देवी मढिया में सप्तमी के दिन रात्रि में महाआरती का आयोजन





शुक्रवार को सप्तमी के दिन रात्रि में महा आरती का आयोजन किया गया, जिसमे गाँव सहित आसपास के गाँव से हजारों की संख्या में भक्त माता के दरवार पहुँच महाआरती में शामिल हो धर्मलाभ अर्जित किये

डिंडौरी

प्राचीन देवी मढ़िया किसलपुरी सैकड़ो वर्षों से भक्तों के आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है श्रद्धा भक्ति, ओर, आस्थावान भक्त प्राचीन देवी मढ़िया, में अपनी मनोकामना पूर्ति के साथ मानसिक और आत्मिक शांति के लिये, ग्राम सहित आसपास के सैकड़ो गाँव से बड़ी संख्या में भक्त विस्वास के साथ यहां पँहुचते है, ओर माता रानी के आशीर्वाद से, दरवार पहुँच रहे भक्तों का विस्वास भी दृढ़ हो रहा है,

### खुदाई में निकलती है देवी देवताओं की मूर्तियां

किसलपुरी में स्थित प्राचीन देवी मढ़िया सैकड़ो वर्ष पुराना है, ओर बुजुर्गों द्वारा बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण पांडवों द्वारा किया गया था, प्राचीन देवी मढ़िया परिसर के आसपास खुदाई करने में यहां आज भी मूर्तिया निकलती है, यहां की मान्यता है कि माता के दरवार में पहुँचने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है महाअष्टमी के दिन सुबह से सैकड़ो की संख्या में माता के भक्त देवी मढ़िया पहुंच कर माता को अष्टमी चढ़ा माता को भोग लगाये, कई भक्त अपने घर से दंड भाँजते हुये, प्राचीन देवी मढ़िया पहुँच माता को अष्टमी का भोग लगा माता का आशिर्वाद लिये, साल के दोनों नवरात्र में यहां भक्तों का जमावड़ा रहता है, दूर दूर से यहाँ भक्त अपनी मनोकामना लेकर पहुँचते है और, मनोकामना पूरी होने के बाद, चैत्र के नवरात्र में भक्त यहां पहुँचकर, जवारे, कलश स्थापित करते है,,

## खबर संक्षेप



### कल्याणिका पुष्पराजगढ़ के बच्चों ने रचा कीर्तिमान

**राजेन्द्रग्राम।** स्थानीय कल्याणिका केन्द्रीय शिक्षा निकेतन, पटना पुष्पराजगढ़ के छात्रों ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परचम फहराया है। इस वर्ष शाला के 2 छात्राओं कु. श्रेया पटेल सुपुत्री शैलेन्द्र पाटिल एवं कु. आराध्या चौकसे सुपुत्री कमलाकांत चौकसे का चयन नवोदय विद्यालय के लिया हुआ है। इसी क्रम में शासन की प्रतिभा सम्मान योजना में अनिमेष सिंह सुपुत्र जन्मेजय सिंह का चयन सामान्य जान श्रेणी में राज्य स्तर एवं आरुषि अग्रवाल सुपुत्री अरुण अग्रवाल का चयन चित्रकला श्रेणी में राज्य स्तर हेतु तथा श्रेया पटेल सुपुत्री शैलेन्द्र पाटिल का चयन चित्रकला श्रेणी में जिला स्तर हेतु हुआ है।
उल्लेखनीय है कि इन छात्रों ने इस हेतु कोई विशिष्ट कोचिंग नहीं की, विद्यालय स्तर पर ही अपनी नियमित पढ़ाई और अभिरुचि से यह सफलता अर्जित की। विद्यालय के छात्रों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रबंघन्यासी स्वामी हिमाद्रि मुनि एवं प्राचार्य जितेन्द्र निगम एवं शिक्षकों ने इन छात्रों को बधाई दी एवं उनके सुखद व समृद्ध जीवन की कामना की है। इसके पूर्व भी ओम पटेल, काव्या गुप्ता और आकृति ताम्रकार का चयन इस विद्यालय से नवोदय के लिए हो चुका है।

### श्री राम नवमीं के पवित्र अवसर पर सीतामढ़ी में आयोजित होगा प्राकट्य पर्व

**अनूपपुर।** श्रीरामनवमी के पवित्र अवसर पर जिले के जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत जर्राटोला के ग्राम सीतामढ़ी मे प्राकट्य पर्व रविवार 6 अप्रैल, 2025 को सायं 6:00 बजे से सीतामढ़ी, कोतमा (अनूपपुर) मे आयोजित किया गया है। जिसका उद्देश्य लोक संस्कृति, परंपरा, मान्यताओं, पर्यटन एवं धरोहरों को जोड़ने का प्रयास करना है। गरिमामय कार्यक्रम में बुन्देली लोकगायन गोविंद सिंह यादव एवं साथी, गंजबासौदा नृत्य नाटिका 'राम अर्पण' आकृति जैन एवं साथी, भोपालभक्ति गायन पवन तिवारी एवं साथी, टीकमगढ़ द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन अनूपपुर के सहयोग से आयोजित किया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अधिकारियों को दायित्व सौपे हैं। जिला प्रशासन ने सीतामढ़ी में आयोजित प्राकट्य पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी से सहभागिता निभाने की अपील की गई है।

### जल संरचनाओं का पुर्नजीविकीकरण एवं संरक्षण का किया जा रहा कार्य

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। इस अभियान में जिले में जल संरक्षण के प्रति बढ़ती हुई जनचेतना का परिदृश्य साफ दिखाई दे रहा है। अभियान के अंतर्गत नदी, तालाबों, चेक डेम, स्टाप डेम, कुआं-बावड़ी व सार्वजनिक कुआं के गहरीकरण, मरम्मत, सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक गतिविधियां जनप्रतिनिधि, शासकीय, अशासकीय संस्थाओं तथा जनसहयोग के माध्यम से की जा रही है। इसी तारतम्य में जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड अनूपपुर में सोन नदी से लगे मुक्तिधाम घाट एवं नदी में स्वच्छता अभियान चलाकर कचरे का निपटान कर जल संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया गया। इस दौरान जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पांडेय, सामाजिक अंकेक्षण के जिला समन्वयक संदीप शुक्ला, सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र- छात्राएं एवं नगर पालिका अनूपपुर के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## चैत्र नवरात्र अष्टमी पर मंदिरों में भक्तों की लगी जमकर भीड़ देवी माता को अष्टमी का भोग लगाकर कराये कन्या भोज

**शहपुरा।** जिले भर में चैत्र नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। चैत्र नवरात्र के अष्टमी तिथि पर देवी मंदिरों में अठवाई का भोग माता को लगाया गया।इस अवसर पर भोग लगाने मंदिरों में भक्तों की कतार लगी रही। दिनभर श्रद्धालूजन देवी मंदिर पहुंचकर माता को अठवाई भोग लगाने कतारबद्ध लगे रहे। प्रमुख देवी मंदिरों व शक्तिपीठों, खैरमाई में अष्टमी तिथि पर हवन,पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा आराधना कर भेंटकर परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना की, देवी मंदिरों में सुबह से ही मंदिरों में भक्ति गानों की जमकर भीड़ देखी गई और भक्तों ने माता रानी को अष्टमी का भोग लगाते हुए चुनरी झंडा अर्पित कर सार्वजनिक व अपने घरों में कन्या भोज बड़ी धूमधाम के साथ किया गया।

## श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा राजा हरिशचंद की कथा का प्रसंग सुन श्रद्धालु

### कथा का प्रसंग सुन सुन भक्त हुए भावुक

डिंडौरी

शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मानिकपुर में चल रहे श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन कथा वाचक केशव प्रसाद शास्त्री ने राजा हरिश्चन्द की कथा का प्रसंग भक्तों को श्रवण कराया। जिसे सुन भक्त भाव विभोर हो गए। कथावाचक केशव प्रसाद शास्त्री ने श्रीमद भागवत कथा में सुनाया की राजा हरीशचंद बहुत ही दानी राजा थे। उनके दान के चर्चे चारों तरफ थे पर उनकी कोई संतान नही थी। संतान की प्राप्ति के लिए वह अपने गुरु वशिष्ठ के पास पहुंचे तब गुरु वशिष्ठ ने वरुणदेव की आराधना की।



वरुणदेव ने राजा को शर्त पर पुत्र प्राप्ति का वरदान दिया उन्होंने कहा कि तुम्हे अपने पुत्र की बलि देनी होगी। राजा ने उस समय हां कर दी पुत्र प्राप्ति के बाद राजा ने घमंड में पुत्र की बलि नही दी। जबकि वरुणदेव ने कई बार राजा को अपने बचपन का स्मरण कराया। तब वरुणदेव ने उन्हें बीमारी का श्राप दे दिया। वहीं गुरु वशिष्ठ को अपने राजा हरिश्चन्द्र के दानी होने पर गर्व था। एक दिन गुरु विश्वामित्र राजा हरिश्चन्द के दरबार मे पहुंचे और सारा राजपथ सहित सब कुछ मांग लिया। जब गुरु विश्वामित्र विदा में मांगते है तब राजा पर कुछ नहीं बचता और वह खुद अपनी पत्नी व बेटे को बेचकर गुरु विश्वामित्र को विदा करते हैं। राजा हरिश्चन्द की दानवीरता सत्यनिष्ठा की कथा का प्रसंग सुन भक्त भाव विभोर हो जाते हैं।



## श्रद्धा महिला मण्डल के सौजन्य से जागृति महिला समिति ने राजनगर में खोला प्याऊ

**राजनगर।** राजनगर क्षेत्र में साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड के हसदेव क्षेत्र कि अध्यक्षा श्रीमती विनिता शर्मा एवं उनकी सहयोगियों द्वारा हसदेव क्षेत्र के राजनगर आर.ओ. उपक्षेत्र के अंतर्गत राजनगर बस स्टैंड में प्याऊ का उद्घाटन किया गया। जिससे सभी लोगों को गर्मी में राहत मिले और पूरे गर्मी के मौसम तक लोगों को ठंडा पेय जल पीने को मिले। यह प्याऊ पूरे गर्मी के मौसम तक संचालित किया जाएगा। प्रथम दिवस में पेय जल के साथ पेय पदार्थ, शिकंजी, जलजीरा, गुड चना, अंगूर, संतरा, तरबूज, शहतूत व नाश्ता पैकेट, लस्सी आदि का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जागृति महिला समिति की श्रीमति सरिता सिंह, उषा शर्मा, रजनी सिंह, पुष्पा नेताम, सुष्मिता मिश्रा, किरण मिश्रा, अस्मिता प्रधान, गरिमा द्विवेदी, रेखा कुमारी, आदि ने अपना बहुमूल्य समय व योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## मालवाहक वाहनों से ढोई जा रही सवारी जिम्मेदार अमला जानकर भी बना अनजान

अनूपपुर।

मालवाहक वाहनों में सवारी ढोई जा रही है। जिसके कारण दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। खासतौर पर ग्रामीण अंचलों में यह समस्या सबसे अधिक देखने को मिलती है। बावजूद इसके मालवाहक वाहनों पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पूर्व में करीब दर्जन भर से अधिक घटनाएं हो चुकी है, जिसमें लोगों की मौत भी हो चुकी है। नगर सहित ग्रामीण एवं कोयलांचल क्षेत्र में मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने का कार्य रोजाना किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण अंचलों में आवागमन के साधन कम होने के कारण मालवाहक वाहनों से सवारियां ढोने का कार्य किया जाता है। क्षेत्र में ठेकेदारों द्वारा मजदूरों को काम पर लाने ले जाने के लिए मालवाहक वाहनों का उपयोग किया जा रहा है। जिसमें क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर ले जाया जाता है। ऐसे में कभी भी घटना हो सकती है। मोटर व्हीकल एक्ट में साफ तौर पर मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने पर पाबंदी है। हादसे होने की स्थिति में अपनी जान गंवाने वाले तथा घायल होने वाले लोगों को मुआवजे का भी प्रावधान नहीं है। बावजूद इसके ऐसे मालवाहक वाहनों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पूर्व में नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में माल वाहक वाहनों में बारात ढोई जा रही थी जिसके कारण कई दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। बावजूद इसके प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। जिसके कारण इनके हौसले बुलंद हैं।



### रुपए के लालच में ले रहे जोखिम

कृषि कार्यों के नाम से खरीदे गए वाहनों का सवारी गाडियों की तरह इस्तेमाल हो रहा है। ट्रैक्टर, मेटाडोर, पिकअप जैसे अन्य वाहनों में सवारी ढोई जा रही है। शादी, पिकनिक व अन्य कामकाज में वाहन का उपयोग किया जाता है। ज्ञात हो परिवहन विभाग के कर्मचारी ऐसे वाहनों को रोककर उनकी चेकिंग नहीं करते है। मालवाहक मालिक और चालक रुपए के लालच में ग्रामीणों की जान को जोखिम में डाल रहे हैं। ऐसे वाहनों पर कार्रवाई नहीं होने से उनके हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। लगातार सड़क हादसे होने के बाद भी मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोई जा रही है।

### प्रतिदिन हो रहा वाहन चेकिंग

पुलिस विभाग के द्वारा आये दिन वाहनों की सघन जांच की जा रही है लेकिन क्या ऐसे वाहन पुलिस एवं यातायात विभाग को नहीं नजर आ रहे हैं जो प्रतिदिन पिकअप वाहन एवं मालवाहक वाहनो में खुलेआम सवारियों को

## पुत्र ने पिता के लिए हाई कोर्ट में की पैरवी

## 11 साल बाद आरक्षक को मिली पुनः नौकरी

### न्याय मिलने के बाद पाण्डेय परिवार में लौटी खुशियां

अनूपपुर।

पुलिस विभाग के उमरिया थाना में आरक्षक पद पर पदस्थ मिथिलेश पांडे को आय से अधिक संपत्ति के मामले में विभागीय जांच के उपरांत पुलिस विभाग ने उन्हें सेवा से पृथक कर दिया था इसके बाद आरक्षक मिथिलेश पांडे अपना पक्ष पुलिस विभाग के आला अधिकारियों के समक्ष रखते रहे लेकिन उनके पक्ष को दरकिनार कर दिया गया, दिसंबर 2013 में ही आरक्षक मिथिलेश पांडे ने पद से पृथक किए गए मामले को लेकर हाई कोर्ट जबलपुर का दरवाजा खटखटाया जहां पर उन्होंने अपील दायर करते हुए न्याय की मांग की। हाई कोर्ट में मामला लगने के बाद पुलिस विभाग को हाई कोर्ट से आदेश भी जारी किए गए लेकिन उस आदेश से विभाग संतुष्ट नहीं हुआ और निरंतर मामला चलता रहा। सन 2024 में पुलिस आरक्षक मिथिलेश पांडे के पुत्र अभिषेक पांडे वकालत की डिग्री हासिल करने के पश्चात जबलपुर हाई कोर्ट में प्रैक्टिस प्रारंभ की और इसके साथ ही सर्वप्रथम उन्होंने अपने पिता मिथिलेश पांडे का केस हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी के समक्ष प्रस्तुत किया जिसे न्यायमूर्ति ने स्वीकार किया अधिवक्ता अभिषेक पांडे ने अपने पिता के खिलाफ लगे तमाम आरोपों को हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति के समक्ष जिरह के बाद आदेश को निरस्त करने में सफलता हासिल की। 17/5/2024 को आरक्षक मिथिलेश पांडे क्रो नौकरी पर वापस रखने हेतु न्यायमूर्ति माननीय संजय द्विवेदी की बेंच के द्वारा आदेश दिया गया इसके बाद अनूपपुर पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुनः सेवा में बहाल किया गया। 5 अप्रैल 2025 को आरक्षक मिथिलेश पांडे अनूपपुर में अपनी उपस्थित दर्ज कराई है। 11 साल की लड़ाई के बाद पुत्र ने पिता को जीत दिलाई और पांडे परिवार में एक बार फिर से खुशियां लौट कर आई। इस अवसर पर आरक्षक मिथिलेश पांडे को उनके निवास पहुंचकर स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## बीजापुरी ग्राम का भ्रमण कर काष्ठ शिल्पियों से मिले कलेक्टर



अनूपपुर।

जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड के दूरस्थ ग्राम बीजापुरी न 1 में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान ग्राम के काष्ठ शिल्पियों से मुलाकात कर उनके द्वारा बनाये जा रहे काष्ठ शिल्पों का अवलोकन किया तथा ग्राम में शासन द्वारा काष्ठ शिल्पियों को एक साथ एक जगह कार्य करने की सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से बनाये गये कारीगर वर्कशॉप की जानकारी भी ली। जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन शशांक प्रताप सिंह ने बताया कि भवन निर्माण का कार्य पूरा हो गया है तथा वर्कशॉप में आवश्यक टूल्स उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है। कलाकारो ने भी चर्चा करते हुये आश्वस्त किया कि वर्कशॉप का कार्य पूर्ण होने के बाद कलाकारों के कार्य मे गुणात्मक सुधार के साथ साथ उनकी निर्माण क्षमता में भी वृद्धि होगी। कलेक्टर श्री पंचोली ने ग्राम में ही पर्यटन विभाग अंतर्गत होम स्टे के प्रगतिरत कार्यो का निरीक्षण किया तथा पर्यटकों को होम स्टे में दी जाने वाली आवश्यक सुविधाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ गणेश पांडेय व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गेहूं उपार्जन पंजीयन की अंतिम तिथि 9 तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रबी विपणन वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के लिए किसान पंजीयन का कार्य अब 9 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। पहले यह पंजीयन का कार्य 20 जनवरी से 31 मार्च तक किया जाना था। शासन द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा 175 रुपये प्रति क्विंटल के बोनस की घोषणा की गई है। इस तरह रबी विपणन वर्ष 2025- 26 में गेहूं की खरीदी शासन द्वारा 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जावेगी।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विधि विभाग के एल.एल.बी. षष्टम सेमेस्टर में मूट कोर्ट विषय अंतर्गत उच्च न्यायालय जबलपुर की न्यायिक प्रक्रिया से अवगत कराने हेतु विद्यार्थियों को भ्रमण पर ले जाया गया तथा उच्च न्यायालय जबलपुर के विभिन्न कोर्ट रूम में विद्यार्थियों के समूह बनाकर बैठाया गया तथा कोर्ट की विभिन्न प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। उक्त भ्रमण प्राचार्य डॉ. आर.बी.सिंह के मार्गदर्शन में तथा विधि विभाग के सदस्यों के दिशा निर्देशों के अनुरूप सम्पन्न हुआ। भ्रमण में विधि विभाग से 23 छात्र छात्राएं एवं केशव प्रसाद पाण्डेय विभागाध्यक्ष, डा समीर कुमार भैंसारे विषय प्रभारी, भरतसिंह ठाकुर, सतीश बैस, डॉ. चेतना उपाध्याय एवं गौरीशंकर नौरिया उपस्थित रहे।

### राम नवमी आज, होंगे विविध आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में चैत्र नवरात्र पर भक्तिमय माहौल बना हुआ है। जिलेवासी माता की आराधना में लीन है। वही आज रामनवमी पर जिले भर में अनेकों आयोजन किए जावेंगे। नगर के सदर स्थित खेरीपती माता में भक्तों द्वारा जल ढारने का क्रम जारी है। प्रतिदिन भक्त बढ़ी संख्या मे माता के दरबार पर पहुंच रहे है। वही जगह जगह जवारों की स्थापना की गई है तथा देवी गीतों का सिल सिला अनवरत जारी है। नवरात्र पर वरिष्ठ जन परिषद द्वारा माता रानी का पूजन अर्चन कर काव्य पाठ का आयोजन किया गया।

### विशाल देवी जागरण में अंतरराष्ट्रीय गायिका संजो बघेल ने बांधा समा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के छपारा खैर माई मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माता रानी के 151 कलश के मनोकामना जवारे रखे गए हैं, रात्री में संस्कार धानी जबलपुर की प्रसिद्ध गायिका संजो बघेल द्वारा सुन्दर सुंदर झाकियों और भजनों एवं देवी गीतो ने समा बांधा,, इस अवसर पर केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने कार्यक्रम में शामिल होकर माता रानी की पूजन अर्चन कर श्री कृष्ण के भजनों में झूमते नजर आए, वही देवी जागरण में हजारों की संख्या में लोग संजो बघेल को सुनने आप पास के गांव से भी छपारा खैर माई मंदिर प्रांगण में पहुंचकर भजनों एवं देवी गीतो का आनंद उठाएं इस दौरान छपारा पुलिस की व्यवस्था सरायनीय रही , वही आयोजक समिति खैर माई मंदिर डुंगरिया छपारा ने कार्यक्रम में पधारे सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

## स्टेशनगंज पुलिस की कार्रवाई

# 42 लाख की चोरी का आरोपी गिरफ्तार

### मरीज बनकर आरोपी के पास पहुंची पुलिस

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशन गंज पुलिस द्वारा चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए चोरी के आरोपी को 24 घंटे मे गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल कर ली। ज्ञात हो कि पुलिस द्वारा अपराधों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से निरंतर कार्रवाई की जा रही है जिससे जिले मे अपराध कम हो सके इसी क्रम में उक्त घटना के आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता मिली। लगभग 42 लाख रुपये कीमत की दो एक्स रे मशीन चोरी करने वाला शातिर चोर 24 घंटे के अंदर पुलिस गिरफ्त में आया, पुलिस टीम मरीज का भेष बनाकर आरोपी तक पहुची और चोरी किया गया शत प्रतिशत मशरूका बरामद किया गया।



### मामला इस प्रकार

मामले मे बताया गया कि फरियादी उमेश कुमार पिता नेतराम गेहलवार निवासी जाटखेड़ी भवानी नगर मिसरोद ने थाना स्टेशनगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके द्वारा जिला चिकित्सालय के टी. बी. विभाग में डिजिटल मशीन से एक्स रे करने का काम ठेके पर लिया था जिसके लिये उन्होंने 2 पोर्टेबल एक्स रे मशीन, 2 एलजी कंपनी की बैटरी, 2 एक्स रे डिटेक्टर, 2 एलजी के कंट्रोलर बॉक्स, 2 लैपटॉप एवं 08 कनेक्टिंग केबल कीमत करीबन 42 लाख रुपये के उनकी कंपनी ने एक्स रे मशीन किराये पर रखे हुये जिसे उनके साथ काम करने वाला प्रकाश पिता सावा सिंह मावी निवासी उतावा, चलनी माता, जिला धार ने चुरा कर ले गये हैं। रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करते हुये आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 309/2025 धारा 331 (1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### भेष बदलकर पहुंची पुलिस टीम

आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था जिसकी पतासाजी हेतु पुलिस टीमों द्वारा रतलाम, इंदौर एवं अन्य आसपास के जिलों में पतासाजी की गयी एवं तकनीकी एवं मुखबिर के माध्यम से जानकारी प्राप्त की गयी जानकारी प्राप्त हुयी कि आरोपी वर्तमान में जिला इंदौर के धार रोड पर बेटमा दिग्डान व आसपास के क्षेत्रों में जाकर एक्सरे कर रहा है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम को इंदौर रवाना किया गया एवं आरोपी तक पहुँचने हेतु पुलिस टीम के कुछ सदस्यों का मरीज का भेष बनाया गया ताकि आरोपी को किसी प्रकार का शक न हो सके। परिणाम स्वरूप आरोपी प्रकाश मावी को गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त हुयी।

### इनकी रही भूमिका

आरोपी द्वारा एक्स-रे मशीन के संबंध में पूछताछ किया जो एक्स-रे मशीन अपने किराये के घर बैटमा में रखना बताया जिस पर आरोपी प्रकाश के कब्जे से 2 पोर्टेबल एक्स रे मशीन, 2 एलजी कंपनी की बैटरी, 2 एक्स रे डिटेक्टर, 2 एलजी. के कन्ट्रोलर बॉक्स, 2 लैपटॉप एवं कनेक्टिंग केबल-08 कीमती करीबन 42 लाख रुपये बरामद की गयी। शातिर चोर को गिरफ्तार करने में निरीक्षक रत्नाकर हिगवे, उनि. पन्ना लाल पाल, सउनि. विजय पटेल, प्रआर. गजराज, आर. अंकित विश्वकर्मा, आरक्षक यशराज सिंह सायबर सेल म.आरक्षक कुमुद पाठक, आरक्षक लक्ष्मी नागपुरे की मुख्य भूमिका रही है।

## वृक्ष प्रदान कर स्वयंसेवकों का किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई का सात दिवसीय इकाई शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ देवांशू गौतम द्वारा जबलपुर के भेड़ाघाट में किया गया जिसमें रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से जिले का प्रतिनिधित्व दलनायक गणेश प्रजापति एवं आशुतोष मेहरा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय



स्नातकोत्तर महाविद्यालय से सात स्वयंसेवको में रोहित नोरिया, मनीषा राजपूत ,कविता यादव, वेदांत दुबे, ब्रजेश चैधरी, नंदनी ठाकुर, दिनेश अग्रवाल ने शिविर में सहभागिता कि इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.आर.बी. सिंह के नेतृत्व में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रीता रावत एवं छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जी. एस. मर्सकोले के मार्गदर्शन मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुक्त इकाई शिविर में सहभागिता करने वाले स्वयंसेवकों को उपहार के रूप में वृक्ष प्रदान कर सम्मान किया। इस कार्यक्रम में शिविर में सहभागिता करने वाले स्वयंसेवक द्वारा अपना अनुभव साझा किया गया।

## सामूहिक रूप से पौधरोपण कर स्थल की गई साफ- सफाई



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सरसला में चैक डेम में सिल्ट व गहरीकणर का कार्य किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत भवन सरसला में पौधरोपण और रोपे गये पौधों के स्थल की साफ- सफाई की गई। यह कार्य मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकासखंड करेली के सेक्टर सुआतला की नवांकर संस्था रमपुरा व विकासखंड नरसिंहपुर की नवांकुर संस्था, यू साथी सेवा समिति नरसिंहपुर व ग्राम पंचायत सरसला के तत्वावधान में किया गया। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर जयनारायण शर्मा ने बताया कि वर्षा जल संचय करने, भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने, किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने, पशु- पक्षियों और जीव- जंतुओं को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, इस उद्देश्य से उक्त चैक डेम में गहरीकरण का कार्य किया गया। इस अवसर पर सरपंच दीपक गुमास्ता, सचिव रणधीर सिंह लोधी, पंचायत का अमला, नोडल अधिकारी राहुल सेन, सीएमसीएलडीपी के परामर्शदाता दुर्गेश गुमास्ता, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था रमपुरा के भगवान सिंह, राजा लोधी, रवि नोरिया, यू साथी सेवा समिति नरसिंहपुर की श्रीमती तृप्ति पारे, श्रीमती जरीना, वर्षा मेहरा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सरसला के अध्यक्ष दीपक लोधी, सचिव दुर्गेश लोधी, ग्राम कोटवार और ग्रामीण जन मौजूद थे।

## लीनेस क्लब द्वारा कन्या पूजन का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** चैत्र नवरात्र मां की आराधना एवं भक्ति का त्यौहार है इसमें कन्या पूजन भी हमारी परंपरा है जो कि हम बहुत ही श्रद्धा भाव से मनाते हैं लीनेस क्लब संस्कार ने नन्ही मुन्नी कन्याओं को चुनरी उड़ाकर, तिलक एवं महावर लगाकर उन्हें भोजन कराया एवं बहुत ही गिफ्ट प्रदान किया साथ ही मां शारदे की भक्तों का आयोजन किया जिसका सभी ने पूर्ण भक्ति भाव से आनंद लिया इस कार्यक्रम में अध्यक्ष ज्योति तिवारी, सचिव मनीषा पुरोहित कोषाध्यक्ष ज्योति पचैरी के साथ लीनेस बलजीत कौर कुसुम राजपूत की उपस्थिति प्रमुख रही। इस कार्यक्रम में मां दुर्गा महिला मंडल की सदस्य सरोज शर्मा, तुलसा पटेल, किरण नेमा नीति सोनी, श्यामा सोनी, उषा पटेल, राधा मेहरा आदि का अमूल्य सहयोग रहा।

## जहरीली वस्तु के सेवन से महिला की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस महिला द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अर्चना पति मनीष अग्रवाल उम्र 26 वर्ष निवासी देवरी राजमार्ग द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्र करेली ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## 1024 अर्घ्य समर्पित कर की गई सिद्धों की महार्चना



**तेंदूखेडा ।** दिगंबर जैन मंदिर परिसर में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान श्रद्धालु भक्त श्रावकों की अद्भुत भक्ति उत्साह से भरपूर सज्ञभागिता से धर्म प्रभावना के साथ आज समापन होगा। 30 मार्च से प्रारंभ विधान में प्रतिदिन सुबह शाम पूरा पंडाल श्रद्धालु भक्तों से भरा हुआ उनकी श्रद्धा एवं भक्ति का दिग्दर्शन कराता रहा ।विधान के आठवें दिन प्रातः 6 बजे से विधान के विधानाचार्य श्रद्धेय ब्रम्हचारी संजीव भैया पं कमल कुमार शास्त्री पं मयंक के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ श्री जी का अभिषेक विश्वशांति एवं प्राणिमात्र के कल्याण की मंगल भावना के साथ शांति धारा की गई ।तदुपरांत विधान प्रारंभ हुआ जिसमे जिन सहस्त्रनाम स्तोत्र के रुप में भगवान के 1008 गुणों के प्रतीक 1008 नामों के साथ अनंतानंत सिद्धों को 1024 अर्घ्य समर्पित करके सिद्ध परमात्माओं की महार्चना की गई। आज 6 अप्रैल रविवार को सुबह विधान का समापन शांतियज्ञ हवन के साथ सम्पन्न होगा । सुबह 8.30 बजे से जिनेन्द्र देव शोभायात्रा निकलेगी जो नगर के मुख्य मार्गों से चलकर जैन मंदिर प्रांगण में समापन होगा। इन दिवसों में रात्रि के समय मंगल आरती प्रवचन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया इनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

## जन आस्था का केंद्र बना कंकाली देवी मठ

### नवरात्रि में दूर-दूर से आते हैं श्रद्धालु



**तेंदूखेड़ा।** शक्ति साधना का महापर्व चैत्र नवरात्र संपूर्ण क्षेत्र में भक्ति भाव से मनाया जा रहा है।श्रद्धालु जन अपनी-अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुसार माता रानी की भक्ति में लीन बनें हुए हैं।कोई नंगे पैर तो कोई मौन व्रत रखकर माता रानी की साधना करने आतुर बने हुए हैं। वहीं प्रतिष्ठित ग्राम इमझिरा में स्थित कंकाली मठ जन आस्था का केंद्र बना हुआ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही मां को जल अर्पित करने के लिए कतार बद्ध हो जाते हैं। शाम के समय आरती में दर्शनार्थियों की भीड़ एकत्रित हो जाती है। हमारे प्रतिनिधि को कंकाली मठ के पुजारी भोले शंकर कन्हौआ और संरक्षक तेजराम पंडा ने बताया कि जन आस्था के केंद्र बने इस मंदिर में विराजमान मां राज राजेश्वरी कंकाली देवी की आलौकिक प्रतिमा स्थापित है यहां माता रानी का रोज आलौकिक रूप में श्रृंगार किया जाता है।चैत्र और शारदीय नवरात्र में दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन करने सपरिवार पहुचते हैं ।इस मंदिर को मनोकामना पूर्ति मंदिर भी कहा जाता है। मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है।

### अखंड ज्योति घट कलश की स्थापना

वर्ष भर तरह-तरह के अनुष्ठान पूजन कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। लेकिन नवरात्रि में विशेष साधना होती है।अखंड ज्योति के साथ दुर्गा पीठ परिसर में जवारे कलश की स्थापना हुआ करती है। चैत्र नवरात्र में 54 घट व ज्योति कलश की स्थापना की गई है। प्रतिष्ठित कंकाली मठ पर लगातार 31 वर्षों से प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को विशेष बैठक आयोजित भी की जाती है। जिसमें जिले के साथ साथ अन्य जिलों से भी श्रद्धालु यहाँ पहुँचते है।यह कंकाली मठ आस्था का केंद्र बना हुआ है।यहां पर सभी श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती हैं ।अभी तक जो भी श्रद्धालु माता के मंदिर में अपनी फरियाद लेकर आता है वह इस मंदिर से खाली हाथ नहीं लौटा है इस मंदिर की प्रमुख विशेषता रही है।

## खेरापति मंदिर में पूजन अर्चन

### लग रहा अठवाई खीर हलवा का भोग



**तेंदूखेड़ा।** नौ दिनों तक चले शक्ति साधना के महापर्व चैत्रीय नवरात्रि पर्व को लेकर अष्टमी तिथि से लेकर नवमी तिथि पर नगर के खेरापति मंदिरों में माता रानी को हलवा खीर पुड़ी का भोग लगाकर हवन पूजन किया जा रहा है।सुबह से ही खेरापति मंदिर में पूजन करने वालों की लंबी लंबी कतारें देखने को मिली यह सिलसिला अभी जारी रहेगा।

**घरों में चल रहे कन्या भोज** शक्ति साधना के चलते कोई मौन व्रत धारण तो कोई नंगे पैर चलकर अपने अपने स्तर से साधना में लीन बना रहा।अब देवी स्वरूपा छोटी छोटी सी कन्याओं का पूजन अर्चन कर भोजन ग्रहण कराये जा रहे हैं उन्हें वस्त्र प्रदान किये जा रहे हैं।

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम में बताए बच्चों को पढ़ने के सरल उपाय



**तेंदूखेड़ा ।** 1अप्रैल से नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो गया है। इस बार सरकार के द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र का चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। नवीन शैक्षणिक सत्र से तेंदूखेड़ा तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार राजकुमार श्रीपाल द्वारा भविष्य की भेंट कार्यक्रम के तहत शासकीय विद्यालय डोभी में सम्मिलित हुए। श्रीपाल ने विद्यार्थियों को सत्य निष्ठा के साथ कार्य करने के साथ कहा की हमें जीवन में दिखावा नहीं करना चाहिए। इंजीनियर डॉक्टर टीचर कृषि संबंधित कैरियर मार्गदर्शन विद्यार्थियों को प्रदान किए ।साथ ही विद्यालय में कक्षा 9वी एवं 11वीं में शाला में प्रथम एवं द्वितीय स्थान आने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया। उन्होंने बच्चों को कृषि से संबंधित जो कार्य तहसील के द्वारा संयोजित किए जाते हैं उसके बारे में भी छात्र-छात्राओं को विस्तार से बतलाया उन्होंने कहा कि पहले किस तरह जमीनों का नामांतरण और बटवारा हुआ करता था। एकड़ एवं हेक्टेयर में अंतर क्या होता है तथा खसरा खतौनी या नकल वही क्या कहलाती है ।इनका क्रियान्वयन कैसे होता है ।आदि सुझावात्मक बातें बच्चों को बतलाई कार्यक्रम में शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास ने कहा

# गौ, गंगा, गीता को बचाने की जरूरत

**तेंदूखेड़ा।** आज हमारा जीवन सुविधा भोगी हो गया है।हम घरों पर ही थैली का दूध से काम चला रहे हैं। गंगा और नर्मदा मैया का जल केवल शीशियों तक सीमित कर लिया है। इनमें जाकर बाहन धो रहे हैं। और गीता जैसे महाग्रंथ घरों में बिरली हो गई है। हमें इनके संरक्षण की विशेष जरुरत है। उक्त अमृत वचन क्षेत्र के ख्यातिलब्ध विद्वान पंडित भागवत किंकर उपाधि से अलंकृत पं कृष्णकांत शास्त्री ने समीपी ग्राम टेकापार में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान कही। कथा व्यास ने स्पष्ट किया कि आज गौ माता की जगह सड़कों पर और कुत्तों की जगह घरों के भीतर हो गई है। प्रतिदिन गौ माता सड़कों पर असमय काल के गाल में समाती पड़ी हुई दीन हीन स्थिति में देखी जा रही है।गौ माता का जितने आंसू बहेंगे उसका हमें हिसाब देना होगा।गौ माता के दूध की विशेषता और प्राप्त होने वाली वलिष्ठता का बखान करते हुए स्पष्ट किया कि गौ शालाएं तो खुल रहीं हैं लेकिन उनमें चारे भूसे और पानी की व्यवस्था के साथ गौ माता को विचरण करने वाली उनकी जमीन खाली करने की जरूरत है।

### माता पिता की सेवा अब दिखावा हो रही

कथा व्यास ने बताया कि जिस मां बाप के द्वारा बच्चों को जन्म से लेकर पढ़ाई लिखाई और शादी विवाह में लाखों रुपए खर्च करके श्रेष्ठ बनाया जाता है वही संतान आज अपने पालकों को वृद्धाश्रमों में छोड़कर आ रही है उनकी सेवा करने से कतराने लगे हैं। यहां तक कि अंतिम संस्कार करने चिता में मुखग्नि देने तक का समय नहीं मिल पा रहा है।जब हम अपने माता-पिता के साथ ऐसा बर्ताव कर रहे हैं तो हमारी संतान भी हमारे साथ ऐसा ही व्यवहार करेगी अभी तक जो बोया वही काटने को मिला है।

### संस्कार देने की जरूरत

बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने पहुंच रहे श्रोतागण मंत्रमुग्ध होकर कथा सुन रहें हैं।16 संस्कारों को वर्णित करते हुए स्पष्ट किया कि हमारे संस्कारों और ज्योतिष को दुनिया अनुशरण कर रही है यहां तक उन पर रिचर्स कर रही है और हम केवल औपचारिकता निभाने लगे हैं।गर्भ में आने से लेकर मृत्यु तक



के अंतिम संस्कारो को काफी विस्तार से जानकारी दी। तथा सभी का अपना अलग अलग महत्व बताया। तथा स्पष्ट किया कि यदि हमें पद प्रतिष्ठा मान सम्मान मिलने लगे तो अपने व्यवहार और संस्कारों को नहीं भूलना चाहिए।

### कालिया नाथने और गोवर्धन पूजा के पीछे पर्यावरण

शक्तासुर उद्धार गेंद खेलने के बहाने कालिया नाथने और इंद्र का अभिमान घटाने गोवर्धन पर्वत को नख पर उठाकर पूजन के पीछे केवल योगेश्वर भगवन श्री कृष्ण ने पर्यावरण सुरक्षा संरक्षण का संदेश दिया है।आज हम जिस तरह से पवित्र नदियों में गंदे नाले और पानी की बर्बादी करते हुए जहरीला बना रहे हैं।यह आने वाले समय में हमें अभिशाप बनेगा। कालिया के जहर से यमुना का पानी जहरीला हो रहा इस कारण उसका मर्दन कर जहर से मुक्त कराया।इसी तरह गोवर्धन पर्वत को नख पर उठाकर पूजन के पीछे केवल एक ही उद्देश्य है कि हमें वृक्षों को कटने से रोकना है। ज्यों ज्यों वृक्षों का कत्लेआम हो रहा है त्यों त्यों हमारा जीवन भी संकटों में चला जा रहा है।कोविड जैसे समय में आक्सीजन को लेकर हमने वह भी वीभत्सता देखी है। इसलिए इनका संरक्षण करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अलग-अलग 13 प्रजातियों के वृक्ष जरुर लगाने चाहिए। कथा व्यास के दौरान पं कृष्णकांत शास्त्री ने बताया कि माखन चोरी के पीछे केवल गोकुल वासियों का ध्यान अर्थाभाव से अलग कर प्रभु चरणों में लगाने माखन चोरी की लीलाएं की। कथा को काफी विस्तार से भाव पूर्ण करूण भाव से प्रस्तुत किया जा रहा है।